# सतना में आईटी पार्क का कानूनी रोड़ समाप्त

## कोर्ट ने सरकार को दी निर्माण की अनुमति, बगहा में विकसित होगा नया औद्योगिक क्षेत्र

नवभारत न्यूज

**सतना, 16 जून. जिले में रोजगार के अवसर पैदा हो सके इसके लिए राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आई टी पार्क बनाने के प्रयास कई साल पहले बगहा स्थित आयल डिपो के लिए आरक्षित भूमि पर इसको बनाने का प्रस्ताव किया गया था.**

हांलाकि अधिग्रहण के बाद भी भूमि के मसले पर एक पक्ष न्यायालय चला गया था.जिसके चलते इससे सम्बन्धित सभी गतिविधियों पर रोक लग गई थी.

इस मामले में औद्योगिक विकास निगम ने महापौर को पत्र लिख कर यह जानकारी मंगलवार को प्रेषित की है कि आई टी पार्क के निर्माण में आ रही कानूनी अड़चन अब समाप्त हो चुकी है.पत्र में महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा पूर्व में इस संदर्भ में लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि जिस भूमि को लेकर बात कही गई है.उसमें उच्च न्यायालय जबलपुर ने दायर याचिका पर स्थगन दे रखा था.जिसका अन्तिम निर्णय 12 मई को हो गया था. न्यायालय ने पूर्व में दिए गए स्थगन आदेश को वापस कर राज्य सरकार को इसे विकसित करने की अनुमति प्रदान कर दी है.इस आदेश के मिलते ही बगहा की भूमि में औद्योगिक विकास निगम ने आईटी पार्क और औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की कार्रवाही प्रारम्भ कर दी है.उक्त पत्र निगम के मुख्य अभियंता ने भेजा है.जिसकी प्रति सोशल मीडिया के कई समूहों में वायरल हो रही है.

### तीन तरह के उद्योगों की पहल :योगेश



इस मामले में महापौर योगेश ताम्रकार ने पत्र की पुष्टि करते हुए बताया कि इस औद्योगिक क्षेत्र में तीन तरह के उद्योगों की स्थापना के प्रस्ताव भेजे गए है .इको फेन्डली प्रदूषण मुक्त उद्योगों में आई टी पार्क के अलावा गारमेन्ट उद्योग और खिलौना उद्योग के स्थापना की पहल की जाएगी .उन्होने बताया कि इस प्रकार के उद्योग लगने से क्षेत्र की महिलाओं और युवों के लिए रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो सकेंगे .

# भंवरसेन घाट में डूबे सभी चारों के शव मिले

## दूसरे दिन पूरा हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन




नवभारत न्यूज

**सीधी, 16 जून. जिले के रामपुर नैकिन थानांतर्गत सोन नदी के भंवरसेन घाट में सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे में डूबे चारों युवाओं के शव बरामद कर लिए गए हैं।**

सोमवार को एक युवती का शव मिलने के बाद आज मंगलवार को एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की संयुक्त टीम ने दो अन्य युवतियों एवं एक युवक का शव भी नदी से बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र से आए कुछ युवक-युवतियां सोमवार को सोन नदी के भंवरसेन घाट पिकनिक मनाने पहुंचे थे। सोन नदी में स्नान करते समय तीन युवतियां गहरे पानी में डूबने लगीं। उन्हें बचाने के प्रयास में एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी, लेकिन वह भी तेज बहाव और गहरे भंवर की चपेट में आकर डूब गया।

देखते ही देखते खुशियों का माहौल मातम में बदल गया और घाट पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम विकास आनंद, तहसीलदार आशीष मिश्रा, रामपुर नैकिन थाना एवं खड्डी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। सोमवार को ज्योति सेन पिता रामाधार सेन 24 वर्ष निवासी बूढ़ा बाउर , थाना रामनगर जिला मैहर का शव घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर नदी में बरामद किया गया था। आज मंगलवार को कलेक्टर विकास मिश्रा और पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी भी घटनास्थल पहुंचे।

### मृतकों में दो रामनगर के

एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों ने सघन तलाश अभियान चलाते हुए शेष तीन शवों को भी बरामद कर लिया। यह शव सुभी सेन पिता राम दयाल सेन उम्र 15 निवासी बूढ़ा बाउर थाना राम नगर जिला मैहर, नीलू बैस पिता लल्लू बैस 22 साल निवासी बूढ़ा बाउर थाना राम नगर जिला मैहर एवं लखन केवट पिता मोहन लाल केवट 26 साल निवासी घोगट पूर जिला राजगढ के थे। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए रामपुर नैकिन अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के पश्चात शव रोते बिलखते परिजनों को सौपा गया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में होंगे सामूहिक योग कार्यक्रम

**मैहर 16 जून.** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मैहर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 जून को प्रात: 6 बजे से सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के पल-प्रतिपल के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 6 बजे से 6.30 बजे तक स्थानीय स्तर पर अतिथिगणों का उद्बोधन होगा।

# टास्क फोर्स समिति ने मैहर के 5 स्टोन क्रेशर सीज किए

नवभारत न्यूज

**मैहर 16 जून, कलेक्टर मैहर श्रीमती विदिशा मुखर्जी के निर्देश पर गठित टास्क फोर्स समिति द्वारा जिले में संचालित स्टोन क्रेशरों की सघन जांच अभियान लगातार जारी है।**

इसी क्रम में मंगलवार को तहसील मैहर क्षेत्र में विभिन्न स्टोन क्रेशरों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान टीम ने पर्यावरणीय अनुमति, वृक्षारोपण की स्थिति, बाउंड्रीवॉल, भंडारित खनिज की मात्रा, स्वीकृत क्षेत्र एवं भूमि



डायवर्सन की स्थिति के साथ-साथ स्प्रिंकलर और अन्य पर्यावरणीय उपकरणों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण में कई स्टोन क्रेशरों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी पाई गई तथा पर्यावरण एवं खनिज नियमों का उल्लंघन सामने आया। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर टास्क फोर्स ने सख्त कार्रवाई करते हुए 5 स्टोन क्रेशरों को सील कर ताला लगा दिया। सीज किए गए स्टोन क्रेशरों में जय बजरंग स्टोन क्रेशर तिलोरा, विंध्यवासिनी स्टोन क्रेशर बठिया, मां शारदा स्टोन क्रेशर रेउसा, अन्नपूर्णा स्टोन क्रेशर सिरमीली तथा साई स्टोन क्रेशर बठिया शामिल हैं।

जांच दल में एसडीएम मैहर सुश्री दिव्या पटेल, तहसीलदार जितेंद्र कुमार पटेल, पर्यावरण अधिकारी जी.के. बैगा, सहायक खनि अधिकारी महेंद्र सिंह एवं आशुतोष मिश्रा सहित संबंधित राजस्व निरीक्षक और हल्का पटवारी उपस्थित रहे।

# नदी के तट से नालों तक भू-माफियाओं का कब्जा

▸ नदी के तट पर शुरू हो गई प्लाटिंग


नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 जून, रीवा शहर में भू-माफिया सक्रिय है नदी, नालो को भी नही छोड़ रहे है. नदी के तट तक प्लाटिंग कर दी गई है और नगर निगम सहित जिला प्रशासन हाथ पर हाथ रखे बैठा है. बाढ़ आपदा को लेकर की जा रही तैयारियों की पोल भू-माफिया खोल रहे है जो ग्रीन जोन और रेड़ जोन तक प्लाट काट चुके है.**

शहर के कुठूलिया वार्ड क्रमांक 45 बीहर नदी के तट पर जमीन का कारोबार शुरू हो गया प्लाटिंग हुई जमीन भी बिक गई. जब स्थानीय लोगों ने इस बात का विरोध किया तो भू माफियाओं के गुर्गो ने उन्हें जान से मरने तक की धमकी देने लगे. पूर्व में बाढ़ आपदा की मार झेल चुके रीवा नगर निगम क्षेत्र के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं नदी तट से तकरीबन 50 मी की दूरी तक किसी भी तरह के निर्माण पर प्रतिबंध लगाने के कड़े निर्णय लिए गए थे, नदी एवं नालों के पास किसी भी तरह के अतिक्रमण को अवैध घोषित किया गया था, नदी के तट को टाउन ऑफ कंट्री प्लानिंग के अनुसार ग्रीन बेल्ट घोषित किया गया है लेकिन यह सारे नियम शायद भू माफियाओं पर लागू नहीं हो रहे है. इन सब के बीच नदी के तट निरंतर भवन निर्माण और जमीन की खरीद फरोख्त का काम शुरू है. कुठुलिया वार्ड 45 में नदी के किनारे लगातार अतिक्रमण हो रहा है. इसी तरह शहर के कई नालो में अतिक्रमण किया गया है और कई ऐसे नाले है जिनका स्वरूप बदल दिया गया है. नगर निगम और राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा सीमांकन भी कराया गया, उसके बाद भी चिन्हित अतिक्रमण को नही हटाया गया.

# मुख्य कैनाल में मिला अज्ञात युवक का शव, पहचान के लिए मांगी मदद

▸ सेमरा बाबा मंदिर ढोंगा पुलिया के पास पानी में तैरता मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। जिले के विंध्यनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी की मुख्य कैनाल नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।**

बताया जा रहा है कि सेमरा बाबा मंदिर के समीप स्थित ढोंगा पुलिया के पास नहर के पानी में एक युवक का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव काफी देर तक पानी में रहने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर विंध्यनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकलवाया और पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की पहचान से संबंधित कोई दस्तावेज या अन्य वस्तु मौके से बरामद नहीं हुई है, जिससे उसकी शिनाख्त में कठिनाई हो रही है। मृतक के पहनावे और शारीरिक हुलिए के आधार पर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थाना क्षेत्रों सहित गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान किया जा रहा है।

### शिनाख्त के लिए आमजन से सहयोग की अपील

विंध्यनगर थाना पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो या वह उसकी पहचान कर सके तो तत्काल थाना पुलिस को सूचित करें। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान होने के बाद ही मृत्यु के कारणों और परिस्थितियों की जांच को आगे बढ़ाया जा सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया भी अपनाई जा रही है, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और पहचान होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की।

# पीजी कॉलेज के प्राचार्य राय का चुरहट, अमरपाटन के डॉ . वर्मा का उमरिया तबादला

नवभारत न्यूज

**सतना, 16 जून. नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले उच्च शिक्षा विभाग ने जिले के महाविद्यालयों में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए चार शिक्षाविदों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं.**

जारी आदेशों में शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) के प्राचार्य और शिक्षकों सहित शासकीय महाविद्यालय अमरपाटन के प्राध्यापक का स्थानांतरण शामिल है. जारी आदेश के अनुसार शासकीय पीजी कॉलेज सतना के प्राचार्य डॉ. एस.सी. राय का स्थानांतरण समाजशास्त्र विषय के प्रोफेसर के रूप में शासकीय महाविद्यालय चुरहट किया गया है. वहीं शासकीय पीजी कॉलेज सतना के प्राणीशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. शिवेश प्रताप सिंह और वनस्पति शास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ. रश्मि सिंह को शासकीय महाविद्यालय रामनगर भेजा गया है. इसके साथ ही शासकीय महाविद्यालय अमरपाटन में पदस्थ डॉ. एस.के. वर्मा को शासकीय महाविद्यालय उमरिया में प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है. गौरतलब है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी इन आदेशों को नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है. आने वाले दिनों में संबंधित प्राध्यापक अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करेंगे.

# निरीक्षण में मिली अनियमितता, चार शिक्षकों को नोटिस

## विद्यालय में नहीं मिले एक भी छात्र, डीईओ ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालक बैढ़न में किए गए औचक निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद चार शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र सिंगरौली ने मंगलवार को दोपहर 3:15 बजे विद्यालय का निरीक्षण किया था।**

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में एक भी छात्र उपस्थित नहीं मिला। साथ ही छात्र उपस्थिति पंजी भी तैयार एवं संधारित नहीं पाए जाने पर माध्यमिक शिक्षक रामाधार बियार तथा साधना शाह के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि यह कृत्य शासकीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है। वहीं शिक्षक बसंत कुमार पाण्डेय निरीक्षण के समय बिना पूर्व सूचना एवं अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित पाए गए। दूसरी ओर माध्यमिक शिक्षक श्रद्धा पाण्डेय उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर करने के बाद विद्यालय से अनुपस्थित मिलीं। विभाग ने माना है कि इनकी अनुपस्थिति से शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने चारों शिक्षकों को तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय कार्रवाई के इस कदम को शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पूर्णत : प्रतिबंधित

नवभारत न्यूज

**सतना 16 जून. वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश नवीन मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 ( 2 ) के अंतर्गत जिले के समस्त जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक बंद ऋतु ( क्लोज सीजन ) घोषित किया गया है।**

इस अवधि के दौरान सभी प्रकार का मत्स्याखेट (मछली पकड़ना) पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही मछलियों का विनिमय एवं परिवहन भी निषिद्ध किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत एक वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने आमजन से अपील की है कि वे इस अवधि में स्वयं भी मत्स्याखेट न करें और न ही किसी अन्य को इस कार्य में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान ऐसे छोटे तालाब या जल स्रोत, जिनका किसी नदी या नाले से संबंध नहीं है.


खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश

खेल प्रतिभाओं की पहचान का महाअभियान

टैलेंट सर्च 2026-27



क्या आपके अंदर छिपा है एक चैम्पियन?

मध्यप्रदेश सरकार का खेल और युवा कल्याण विभाग प्रदेश के युवाओं के लिए लेकर आया है "टैलेंट सर्च 2026-27", जिसका उद्देश्य प्रदेश के कोने-कोने में छिपी खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

- राज्य खेल अकादमियों में प्रवेश का सुनहरा अवसर • विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभा परीक्षण
- निःशुल्क चयन प्रक्रिया • उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएँ
- भविष्य के ओलंपियन, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की खोज

एथलेटिक्स | फेंसिंग | कुश्ती
बॉक्सिंग | ताईक्वांडो | जूडो
ट्राइथलॉन | घुड़सवारी | शूटिंग
हॉकी | क्याकिंग-कैनोइंग | स्लालम
रोइंग | बैडमिन्टन | तीरंदाजी

ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ: 17 जून 2026
टैलेंट सर्च प्रारंभ : 27 जून 2026
आज ही पंजीयन करें और अपने सपनों को दें उड़ान!

आयु वर्ग- 8 से 10 वर्ष (फीडर सेंटर हेतु) एवं 12 से 18 वर्ष (अकादमी हेतु ) खेल अनुसार निर्धारित मापदंड विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध। राष्ट्रीय पदक विजेताओं हेतु विशेष प्रावधान।

हर जिले से निकलेगा एक नया सितारा

पंजीकरण के लिए https://talentsearch.dsywmp.gov.in पर जाएँ या दिए हुए QR कोड को स्कैन करें।

M.P. Madhyam/126445/2026

खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें dsywmp.gov.in


# जमीन विवाद में महिला पर हमला, बेटी से भी मारपीट

## वीडियो बना रही किशोरी का मोबाइल छीनने का आरोप

▸ घायल महिला अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। जियावन थाना क्षेत्र के खैरावड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर एक महिला के साथ मारपीट की। वहीं मां को बचाने और घटना का वीडियो बना रही 14 वर्षीय किशोरी के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया तथा उसका मोबाइल छीन लिया गया।**

जानकारी के अनुसार सुनीता विश्वकर्मा पत्नी जगजीवन विश्वकर्मा का गांव के ही दूसरे पक्ष से भूमि संबंधी विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर क्रांति देवी विश्वकर्मा, सुनीता देवी विश्वकर्मा, पूनम विश्वकर्मा एवं दिनेश विश्वकर्मा ने सुनीता विश्वकर्मा के साथ मारपीट की। घटना के दौरान उनकी पुत्री सीमा विश्वकर्मा अपनी मां को बचाने पहुंची और मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग करने लगी। आरोप है कि इससे नाराज होकर दिनेश विश्वकर्मा ने किशोरी का हाथ मरोड़ दिया, उसे थप्पड़ मारा और मोबाइल छीन लिया। मारपीट में घायल सुनीता विश्वकर्मा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर जियावन पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिंगरौली के विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री से चर्चा



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामनिवास शाह ने आज मंगलवार को भोपाल स्थित मंत्रालय पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की।**

इस दौरान उन्होंने सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की और क्षेत्र की आवश्यकताओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। विधायक रामनिवास शाह ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र में अधोसंरचना विकास, सड़क निर्माण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दे उठाए। उन्होंने क्षेत्र की जनभावनाओं और विकास संबंधी अपेक्षाओं को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास कार्यों के प्रति सकारात्मक रुख व्यक्त करते हुए आवश्यक विषयों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सिंगरौली के पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह भी उपस्थित रहे। विधायक की मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात को सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के विकास और लंबित मांगों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# थाना प्रभारी पर जानलेवा हमला करने वाले आधा दर्जन आरोपी पहुंचे जेल

नवभारत न्यूज

**सीधी, 16 जून. जिले के कमर्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटपरा में सोमवार दोपहर सड़क जाम खुलवाने गए कमर्जी थाना प्रभारी पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने वाले आधा दर्जन आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को देर शाम गिरफ्तार कर लिया था। आज मंगलवार को सभी आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद जिला न्यायालय में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।**



इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी स्वयं पूरे मामले में सक्रिय रहे और वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जेल भिजवाया है। उल्लेखनीय हैं कि सोमवार को कमर्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटपरा में सड़क एवं नाली निर्माण के दौरान कुछ लोगों ने विवाद करते हुए चुरहट अमिलिया मार्ग में चक्काजाम कर दिया था, जिसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी इंद्रराज सिंह अपने दलबल के साथ जाम खुलवाने पहुंचे थे, जहां मार्ग अवरुद्ध करने वाले लोगों को समझाइश दे रहे थे इसी दौरान कुछ लोगों ने थाना प्रभारी पर ही धारदार हथियार से हमला कर दिया था, जिसके चलते उन्हें सिर, हांथ, पैर सहित शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आई थी, सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने जिले के पांच थानों का बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। लेकिन थाना प्रभारी इंद्रराज सिंह पर जानलेवा हमला करने वालों को चिन्हित किया गया और तत्काल छ: आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक आरोपी मौका देखते ही फरार हो गया।

### छ : आरोपी गए जेल, एक फरार

थाना प्रभारी इंद्रराज सिंह पर जानलेवा हमला करने वाले तीन पुरुष एवं तीन महिला आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया.पकड़े गए आरोपियों में दिनेश पटेल पिता रामेश्वर पटेल, उम्र 45 वर्ष, विनय पटेल उर्फ पंडित पटेल पिता दिनेश पटेल, उम्र 20 वर्ष, प्रीतम पटेल पिता दिनेश पटेल उम्र 22 वर्ष, संध्या पटेल पति दिनेश पटेल उम्र 45 वर्ष, श्यामा पटेल पति अमरेन्द्र पटेल उम्र 33 वर्ष, सरोज पटेल पति राजेश पटेल उम्र 40 वर्ष सभी निवासी मझारी टोला पटपरा, थाना कमर्जी शामिल हैं। फरार आरोपी सुनील पटेल निवासी मझारी टोला पटपरा थाना कमर्जी की तलाश की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99